## शारदीय नवरात्र 2023

# भारतीय नवयुवक संघ बकरी बाजार और ओसीसी क्लब पूजा पंडाल का हुआ शुभारंभ


ओसीसी क्लब


नवयुवक संघ, बकरी बाजार

### आज खुलेगा चंद्रशेखर आजाद पूजा पंडाल का पट

## देशभक्ति और सनातन संस्कृति की दिखेगी झलक : रमेश सिंह



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अल्बर्ट एक्का चौक के समीप पूजा पंडाल चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष अपने पूजा पंडाल प्रारूप के माध्यम से देवलोक का दर्शन करायेगी। पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि इस वर्ष दर्शनार्थियों को देशभक्ति और सनातन संस्कृति एक ही पूजा पंडाल में देखने को मिलेगा। पूजा पंडाल का अनावरण आज पंचमी को होगा। अनावरण के बाद दिल्ली से आए कलाकारों के द्वारा मां दुर्गा के नौ रूपों का नाट्य मंचन किया जाएगा जो मनोरम होगा। नाट्य मंचन के बाद देशभक्ति से युक्त एक आकर्षक कार्यक्रम की प्रस्तुति की जाएगी।

पूजा पट के अनावरण कार्यक्रम में दीपक प्रकाश आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो सहित कई गणमान्य व्यक्तियों मौजूद रहेंगे। मौके पर विनय सिंह, मिंटू चौबे, कोषाध्यक्ष हरीश कुमार, सह सचिव ओम वर्मा, विक्की वर्मा इत्यादि उपस्थित थे।

# महिलाओं को सम्मान देना हमारा मूल संस्कार : सीपी राधाकृष्णन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के कई पूजा पंडालों के पट बुधवार को खुल गए। पूजा पंडालों में एक से बढ़कर एक भव्य प्रतिमा भक्तों को आकर्षित कर रहीं हैं। भारतीय युवक संघ बकरी बाजार और ओसीसी क्लब के पंडाल का उद्घाटन बुधवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने किया। मौके पर राज्यपाल ने झारखंड में खुशहाली की प्रार्थना की। राज्यपाल ने कहा कि भारत की संस्कृति में महिलाओं को हमेशा सर्वोच्च स्थान दिया गया है। महिलाओं को सम्मान देना हमारा संस्कार है। राज्यपाल ने कहा



कि बकरी बाजार के पूजा पंडाल की अदभुत कलाकारी की सराहना की। इस अवसर पर सांसद संजय सेठ, सांसद डॉ महुआ माजी, विधायक सीपी सिंह, विधायक नवीन जायसवाल, संजीव विजयवर्गीय, संघ के रजत अशोक चौधरी, मंटू जालान मौजूद थे।

ओसीसी क्लब पंडाल के उदघाटन के दौरान अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने राज्यपाल का स्वागत बंगाली रिती रिवाज के साथ किया। राज्यपाल ने पंडाल के साथ-साथ बंगाली समाज की परंपरा की तारीफ भी की।

### आज यहां खुलेंगे पट

नेताजी नगर दुर्गा पूजा समिति कांटाटोली, गीतांजलि क्लब मोराबादी, पंच मंदिर दुर्गा पूजा समिति हरमू, राजस्थान मित्र मंडल बड़ा तालाब, आर आर स्पोटिंग क्लब रातू रोड़, चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति अल्बर्ट एक्का चौक, 56 सेठ डोरंडा सहित कई अन्य पंडालों के पट आज खुलेंगे।

## बिहार क्लब दुर्गा पूजा समिति पहुंचे वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव बुधवार को बिहार क्लब दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडाल का भ्रमण किया। क्लब सभागार में महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष डॉ अजित सहाय, क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष राजन वर्मा और उज्जवल तिवारी ने चुनरी पहना कर एवं माता रानी का प्रतीक चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। मौके पर वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि बिहार क्लब पूजा समिति वर्षों से भव्य तरीके से दुर्गा पूजा का आयोजन करती आ रही है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ जयप्रकाश गुप्ता अमर साहू ,बादल ,राणा , संजय सिंह, संजय विनोचा ,दिलीप गोप, विनोद सिंह, राहुल गौतम, रोहित सिंह, कमलेश यादव, अशोक यादव मौजूद थे।

## डीसी-एसपी ने पूजा पंडालों का जायजा लिया

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने दुर्गा पूजा पर्व की तैयारी को लेकर रांची शहर के विभिन्न पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। उनके साथ सिटी एसपी राजकुमार मेहता, एसडीओ दीपक दूबे एवं अपर जिला दंडाधिकारी राजेश्वर नाथ आलोक साथ थे। दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों के साथ बातचीत कर सुविधाओं का जायजा लिया और निर्देश दिये। अधिकारियों ने पूजा पंडाल की विधि व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, यातायात, पंडालों में सुरक्षा मानकों का जायजा लिया।



## महाअष्टमी के दिन 251 कुंवारी कन्याओं का पूजन करेगा श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट नवरात्रि की अष्टमी को पुंदाग स्थित निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर में 251 कुंवारी कन्याओं का पूजन करेगा। इसे लेकर संस्था के सदस्यों की एक बैठक संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल के निवास स्थल पर हुई। संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल ने संस्था के सदस्यों के सुझाव को सहर्ष ही स्वीकार कर कन्या पूजन के इस महान कार्य को करने की अपनी अनुमति प्रदान की। सभी कन्याओं को उपहार स्वरूप कुछ भेंट दिया जायेगा।

## 56 सेट के पूजा पंडाल का उद्घाटन 20 अक्टूबर को

**रांची।** सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति छप्पन सेट डोरंडा द्वारा निर्मित पूजा पंडाल चंद्रयान-3 का उद्घाटन वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव कल करेंगे। छप्पन सेट दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे की अध्यक्षता में संध्या 7.30 बजे से 501 महिलाएं भव्य आरती करेंगी। छप्पन सेट सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष गोपी दूबे ने बताया पूजा पंडाल का निर्माण 20 अक्टूबर तक तैयार हो जाएगा। 21 अक्टूबर को प्रातः प्राण प्रतिष्ठा एवं संध्या पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन होगा। महाअष्टमी को रात्रि 8:00 बजे से डांडिया होगा। समिति के संरक्षक कपिलदेव सिंह, सचिव विजय गुप्ता, मेंहुल दूबे, गोपाल तिवारी, पंकज तिवारी, कमलेश कुमार, पान सिंह, दीपक ठाकुर, शशि कुमार, विवेक सिंह, अजय थापा, मनोज सिंह, जेडी गुरुंग, नितिन कुमार,कमलेश झा, दिलीप कुमार, नीरज कुमार, अश्वनी कुमार सहयोग कर रहे हैं।

### खबर एक नजर में

## सदर अस्पताल में नेफ्रोलॉजी विभाग शुरू

रांची। सदर अस्पताल में बुधवार को नेफ्रोलॉजी विभाग की शुरूआत हुई। यहां डॉ नवीन कुमार बर्णवाल अपनी सेवा दे रहे हैं। सदर अस्पताल के नए भवन के छठे तल्ले पर डायलिसिस वार्ड है, जहां इलाजरत मरीजों की डॉ नवीन ने हाल-चाल व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। डॉ बर्णवाल मंगलवार और गुरुवार को ओपीडी में अपनी सेवा देंगे।

## जेसोवा का प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिला



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और उनकी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन से बुधवार को झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एशोसिएशन (जेसोवा) के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने 2 नवंबर से 6 नवंबर 2023 तक मोरहाबादी स्थित आर्मी मैदान में आयोजित होने वाले जेसोवा दिवाली मेला के उदघाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री को एवं उनकी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन को विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। प्रतिनिधिमंडल में मिनी सिंह, नमिता सिंह एवं प्रीति कुमार, मनु झाए, निक्की टोप्पो, जेसिना सिद्दीकी, रंजना कुमार उपस्थित थीं।

## 14 विशेषज्ञ चिकित्सकों की होगी नियुक्ति

### आउटसोर्सिंग के तहत ली जायेगी सेवा

रांची। 500 बेड के सदर अस्पताल को सुचारू रूप से चलाने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के तहत 14 विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति आउटसोर्सिंग के तहत की जाएगी। विशेषज्ञ चिकित्सकों में जेनरल ड्यूटीज मेडिकल ऑफिसर (जीडीएमओ), कार्डियोलॉजिस्ट, फिजिशियन, एनेस्थेटिस्ट और ईएनटी स्पेशलिस्ट की नियुक्ति होनी है। जनरल ड्यूटीज मेडिकल ऑफिसर (जीडीएमओ) के 10 पदों पर नियुक्ति होनी है। इन्हें 63000 रुपये प्रति माह, कार्डियोलॉजिस्ट के एक पद पर नियुक्त चिकित्सक को 1.5 लाख रुपये, फिजिशियन के एक पद पर नियुक्त चिकित्सक को 1 लाख 5 हजार रुपये, एनेस्थेटिस्ट के एक पद पर नियुक्त चिकित्सक को 1 लाख 5 हजार रुपये और ईएनटी स्पेशलिस्ट के एक पद पर नियुक्त चिकित्सक को 1 लाख 5 हजार रुपए मासिक मानदेय का भुगतान किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने सेवा प्राप्त करने की योजना पर व्यय के लिए 1 करोड़ 61 लाख 62 हजार रुपए की स्वीकृति दी है।

## युवा दस्ता ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

**रांची।** युवा दस्ता ने बुधवार को श्री दुगार्पूजा मोहत्सव के सफल आयोजन को लेकर हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। राजीव रंजन मिश्रा-9431574184, राजेश गुप्ता-7903714760, गोपाल पारीक- 9470371244, उपेन्द्र रजक - 9431107127, पीयूष आनंद- 8210311003, राहुल सिन्हा चंकी- 9334947541, मंटू दुबे - 9431762726, साहिल कुमार- 6205165791, राकेश कुमार सिंह - 8877111185, राजेश राम -9934582050, नवनीत पांडेय - 7903340844, ग्रामीण क्षेत्र के लिए जारी हेल्पलाइन नंबर मदन साहू - 93048 89906, मुन्ना बड़ाईक - 91995 33113, ज्योति शंकर साहू- 6201276181 के नंबर पर पूजा पंडाल घूमने आए श्रद्धालओं की मदद के लिए संपर्क कर सकते हैं। युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने बताया इस वर्ष 2023 में श्री दुर्गा पूजा मोहत्सव में आकर्षक प्रतिमा के साथ परंपरागत पूजा को करने वाले पूजा पंडालो को स्व तिलक आजमानी, स्व ज्ञान प्रकाश जलन, स्व उदय शंकर ओझा, स्व गिरधारी जलन एवं स्व बाबूलाल ठाकुर की स्मृति में आकर्षक पुरस्कार देने का निर्णय लिया गया है।

## हुनर को बढ़ावा देने वाली पीएम विश्वकर्मा योजना से आत्मनिर्भर होगा भारत : बाबूलाल




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा प्रदेश मुख्यालय में बुधवार को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की कार्यशाला हुई। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना गांव के पारंपरिक रोजगार, हुनर और कौशल को बढ़ावा देने की योजना है। इस योजना के तहत गांव-गांव के पारंपरिक कारीगरों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके, इसकी कार्य योजना बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से पारंपरिक कारीगरों को समर्थ, सक्षम व समृद्ध बनाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुख्य उद्देश्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस योजना के लिए 13,000 करोड रुपये अलग से आवंटित किये हैं। इस कार्यक्रम से जुड़ने वाले लोगों को एक सप्ताह और 15 दिन का प्रशिक्षण कैटिगरी वाइज देकर उन्हें और भी कुशल बनाने का कार्य किया जायेगा। इस योजना के तहत प्रशिक्षण के बाद उपयोग में आने वाले टूल किट का भी प्रोत्साहन के रूप में वितरण किया जायेगा। उन्हें क्रेडिट कार्ड भी मिलेगा। सारी ट्रांजैक्शन डिजिटल माध्यम से ही की जायेगी। सरकार इनके द्वारा बनाये गये वस्तुओं का मार्केटिंग की भी संपूर्ण व्यवस्था करेगी। इस योजना के तहत एक लाख से लेकर 3 लाख तक का लोन ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना से आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। कार्यक्रम में मिथिलेश तिवारी, प्रदीप वर्मा, पवन साहू, बालमुकुंद सहाय आदि थे।

### पूजा पंडालों के बीच स्वच्छता को लेकर प्रतियोगिता

# स्वच्छ पूजा पंडाल बनाने वाली पूजा समितियों को मिलेगी सम्मान राशि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची नगर निगम इस बार पूजा पंडालों के बीच स्वच्छता को लेकर प्रतियोगिता करा रही है, जिसमें प्रथम तीन विजेताओं को पहली बार नकद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रथम पुरस्कार के रूप में 25000 रुपया, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 15000 रुपया और तृतीय पुरस्कार के रूप में 10000 रुपया विजेता पूजा पंडाल को प्रदान किया जाएगा। स्वच्छ दुर्गा पूजा पंडाल प्रतियोगिता 2023 में जीतने के लिए पूजा समितियों को 200 अंकों की परीक्षा देनी होगी। जिसके आधार पर उनका चयन किया जाएगा। परीक्षा का तात्पर्य यह है कि पूजा पंडाल परिसर में नगर निगम द्वारा निर्धारित 14 अलग-अलग बिंदुओं पर अंक प्राप्त करने के लिए उन्हें व्यवस्था करनी होगी। नगर निगम ने इसके लिए नगर प्रशासक रजनीश कुमार के नेतृत्व में एक चयन समिति बनाई है, जो रांची नगर निगम क्षेत्र के 157 पूजा पंडालों का निरीक्षण कर प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार की घोषणा करेगी। अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन के अनुसार पहली बार नकद राशि के साथ पूजा पंडालों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। इसके माध्यम से स्वच्छता का संदेश देने की कोशिश होगी।

### पूजा समितियों में प्रतियोगिता को लेकर मची होड़

नगर निगम के द्वारा आयोजित किए जा रहे स्वच्छ दुर्गा पूजा पंडाल प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए पूजा समितियों में होड़ मची है। हर पूजा पंडाल के द्वारा अपने परिसर में साफ सफाई के साथ-साथ नगर निगम के मापदंडों को खास ध्यान में रखकर व्यवस्थाएं की जा रही है। हरमू पंच मंदिर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष मनोज पांडे कहते हैं कि वैसे तो स्वच्छता को लेकर हमेशा ध्यान रखा जाता है। मगर, जो मानक तय किए गए हैं उसको ध्यान में रखकर पूरी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इसी तरह बकरी बाजार पूजा समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी कहते हैं कि छोटे पूजा पंडाल परिसर में साफ-सफाई रखना आसान है। मगर, हमारा रांची का सबसे बड़ा पूजा पंडाल परिसर है, उसमें भी हमने पूरी तैयारी कर रखी है। अब निर्भर करता है कि चयन करने वाले इसे किस रूप में देखते हैं।

### दुर्गा पूजा में अलर्ट मोड पर फायर ब्रिगेड, कर्मियों की छुट्टी रद्द

# जयपुर से आया आग बुझानेवाला स्पेशल छोटा दमकल वाहन, हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म भी तैयार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** दुर्गा पूजा को लेकर अग्निशमन विभाग ने तैयारी पूरी कर ली है। झारखंड के प्रमुख शहरों के साथ-साथ दूसरे शहरों में भी दमकल के वाहनों की तैनाती की गई है। खासकर जिन शहरों में काफी भव्य पंडालों का निर्माण हुआ है, वहां दमकल वाहनों के अलावा हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म भी तैयार रखा गया है। राजधानी के चार फायर स्टेशनों के अलावा छह प्रमुख जगहों पर दमकल वाहन भेजे गए हैं, जो हर समय पूरी तरह तैयारी की स्थिति में खड़े होंगे। आग बुझाने के लिए फोम और अन्य संसाधनों का भी इंतजाम विभाग की ओर से किया गया है।



इस बार के दुर्गा पूजा में सबसे विशेष बात यह है कि अग्निशमन विभाग की ओर से 50 से अधिक छोटे दमकल वाहन जयपुर से बनवाकर मंगवाए गए हैं। इन वाहनों की खासियत है कि यह संकरी गलियों में भी आसानी के साथ प्रवेश कर जाएंगे। दमकल के बड़े वाहन आग लगने की स्थिति में संकरी गलियों में प्रवेश नहीं कर पाते हैं, वैसी स्थिति में यह छोटे दमकल वाहन बड़े कारगर साबित होंगे।

वहीं दुर्गा पूजा को लेकर अग्निशमन मुख्यालय की ओर से सभी फायर स्टेशनों को 24 घंटे तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। डीजी अग्निशमन अनिल पालटा ने बताया कि विभाग हर इमरजेंसी की स्थिति से निबटने के लिए पूरी तरह तैयार है। दुर्गा पूजा को लेकर अग्निशमन विभाग में कार्यरत सभी कर्मियों और अफसर की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। अग्निशमन विभाग के कर्मी 24 घंटे अलर्ट पर रहेंगे। अग्निमशन विभाग के पास रांची में एक हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म दमकल, एक झाग वाला दमकल वाहन, 30 छोटा फायर ब्रिगेड वाहन समेत कुल 20 दमकल गाड़ियां हैं। इनका उपयोग आपातकालीन स्थिति में किया जाएगा।

**पूजा समितियों को जारी किया गया निर्देश :** डीजी अग्निशमन अनिल पालटा ने बताया कि 134 से ज्यादा अग्निशमन वाहन राज्यभर में तैनात किए गए हैं। राज्य की सभी पूजा समितियां को यह निर्देश दिया गया है कि वह अपने-अपने पूजा पंडालों में फायर सेफ्टी के इंतजाम करें। पूजा पंडालों में बेसिक फायर फाइटिंग सिस्टम जरूर इंस्टॉल करवाएं क्योंकि अगर अगलगी की वारदात होती है तो पहला प्रयास पूजा पंडाल वालों को ही करना है।

# रांची शहर में 24 अक्टूबर तक बड़े वाहनों की नो एंट्री

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** दुर्गा पूजा का मुख्य त्योहार 20 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक होना है। इसके लिए रांची शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन ने निर्देश जारी किया है। ट्रैफिक एसपी कार्यालय रांची के मुताबिक शहर में 24 अक्टूबर या 25 अक्टूबर को दुर्गा पूजा के बाद मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम होगा। ऐसे में रांची शहर के प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था का निर्धारण 20 से 24 अक्टूबर तक के लिए लागू किया गया है। इस अवधि में प्रतिदिन सुबह 8 बजे से दूसरे दिन प्रातः 4 बजे तक शहरी क्षेत्रों में भारी वाहनों की प्रवेश शहर में नहीं होगा। इस दौरान 4 बजे दोपहर से दूसरे दिन सुबह 4 बजे तक निजी एवं यात्री वाहनों के परिचालन के लिए भी रूट तय किया गया है।

20 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक सभी प्रकार के निजी वाहन, ऑटो, ई-रिक्शा का परिचालन कचहरी चौक से शहीद चौक, फिरायालाल चौक, सुजाता चौक की ओर प्रवेश वर्जित रहेगा। सुजाता चौक की तरफ से मेन रोड में आने वाले निजी वाहन सैनिक मार्केट, जीइएल चर्च कॉम्पलेक्स तक ही जा सकेंगे। पिस्का मोड़ से न्यू मार्केट की ओर आने वाली गाड़ियों का परिचालन 4 बजे अपराह्न से प्रातः 4 बजे तक मीनाक्षी सिनेमा मोड़ से पहाड़ी मंदिर होते हुए किशोरगंज चौक तथा वहां से हरमू चौक की ओर होगा। हरमू की तरफ किशोरगंज होकर रातू रोड की तरफ आने वाले चार पहिया वाहनों का परिचालन किशोरगंज चौक तक ही होगा। इस ओर से आने वाले सभी दो पहिया वाहन किशोरगंज से आगे पहाड़ी मंदिर से मीनाक्षी सिनेमा मोड़ एवं रातू रोड होकर पिस्का मोड़ की ओर जाएंगे। हरमू बाइपास रोड की तरफ से पिस्का मोड़ की तरफ जाने वाले छोटे चार पहिया वाहन बीजेपी कार्यालय के पास से पीपर टोली होकर कटहल मोड़, हेहल अंचल होते हुए पिस्का मोड़ की ओर जाएंगे।

# रांची पुलिस की गिरफ्त में आया शातिर ठग

## पांच बार जेल जाने के बाद भी दुकानदारों से किया ऑनलाइन फ्रॉड

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पुलिस ने एक ऐसे फ्रॉड को गिरफ्तार किया है, जो पहले भी पांच बार जेल जा चुका है। यह महाठग फेक ऑनलाइन पेमेंट कर दुकानदारों को चूना लगाने का काम किया करता था।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अरगोड़ा पुलिस ने मंगलवार की देर रात उसे धुर्वा से गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने एक जेवर दुकानदार को भी हिरासत में लिया है।

**जेडी ज्वेलर्स को मंगलसूत्र खरीद लगाया चूना :** रांची की अरगोड़ा पुलिस ने अनिल कुमार गुप्ता नाम के एक ठग को गिरफ्तार किया है। अनिल शातिर ठग है और पहले भी ठगी के मामले में पांच बार जेल जा चुका है। लेकिन वह सुधरा नहीं. इस बार ठग अनिल ने रांची के अरगोड़ा स्थित जेडी ज्वेलर्स को चूना लगाया था. जिसके बाद जेवर दुकानदार जनार्दन कुमार सोनी के द्वारा अरगोड़ा थाने में एफआईआर दर्ज करवाई गई थी।

जेवर दुकानदार के अनुसार सोमवार की शाम एक महंगे वाहन में एक व्यक्ति उनके जेवर दुकान पहुंचा, जहा उसने 57 हजार रुपये का एक मंगलसूत्र खरीदा। मंगल सूत्र का पेमेंट ऑनलाइन करने की बात हुई। जिसके बाद, उस व्यक्ति ने जेडी ज्वेलर्स के स्कैनर को स्कैन कर पेमेंट कर दिया। पेमेंट के बाद वह व्यक्ति दुकान से तुरंत निकल गया। इसी बीच जब जेवर दुकानदार ने बैलेंस चेक किया तो पता चला कि मंगल सूत्र के पैसे



खाते में आये ही नहीं हैं। जेवर दुकानदार ने जब मंगलसूत्र खरीदने वाले से संपर्क किया तो उसने आनाकानी शुरू कर दी और फिर अपने मोबाइल को बंद कर दिया।

**दर्ज हुआ मामला, पुलिस ने दबोचा :** ठगी का शिकार होने के बाद जेवर दुकानदार जनार्दन कुमार सोनी सीधे रांची के अरगोड़ा थाना पहुंचे और मामला दर्ज करवाया। जनार्दन कुमार सोनी ने ठगी करने वाले व्यक्ति का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को उपलब्ध करवाया. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जब आरोपी की खोजबीन शुरू हुई तब पुलिस को यह जानकारी मिली कि आरोपी शातिर ठग अनिल कुमार है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अरगोड़ा पुलिस ने धुर्वा में दबिश दी और आरोपी को धर दबोचा।

**मंगलसूत्र खरीदने वाले को भी पुलिस ने दबोचा :** गिरफ्तार होने के बाद शातिर ठग अनिल कुमार ने बताया कि उसने ठगी किए गए मंगल सूत्र को एक सोनार को बेच दिया है। ठग के निशानदेही पर मंगलसूत्र खरीदने वाले सोनार को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। अरगोड़ा थानेदार बृज कुमार ने बताया कि फिलहाल मामले में पूछताछ की जा रही है।

### स्कैन के जरिये ठगी

पूछताछ में आरोपी ने बताया है कि वह मोबाइल स्कैन के जरिए ऑनलाइन पेमेंट करने के नाम पर ठगी किया करता था। उसने अपने मोबाइल में स्कैन अलार्म लगा रखा था। इससे स्कैन करने पर पैसे नहीं थे जाते लेकिन डिलीवर्ड होने का साइन ,मोबाइल में दिखने लगता था। पूछताछ में अभी सामने आया है कि उसके द्वारा और भी कई लोगों से इसी तरह से ठगी की गई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है।

# आरकेडीएफ विवि में डांडिया का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** आरकेडीएफ विश्वविद्यालय में शारदीय नवरात्र व दशहरा पर्व के अवसर पर बुधवार की शाम हर्षोल्लास के साथ डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति एस चटर्जी ने दीप जलाकर एवं छात्र- छात्राओं ने दुर्गा बंदना से किया गया।

इस महोत्सव में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। नृत्य के दौरान छात्र-छात्राओं, शिक्षकों ने चक्कर और लय के साथ संगीत की धुन पर पैर की चाल एवं हाथों में छड़ी का समन्वय देखते ही बन रहा था । छात्राएं एवं शिक्षिकाएं चमकदार रंगीन कढ़ाई का चोली घाघरा के पारंपरिक कपड़े पहने थे, वहीं छात्र पारंपरिक कुर्ता पजामा पहने हुए थे। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं शिक्षक शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया और जमकर धमाल मचाया । डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का दिल ही नहीं जीता बल्कि भाव विभोर भी कर दिया। इस महोत्सव मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एस. चटर्जी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से हमारी संस्कृति जीवंत होती है। हमें अपनी संस्कृति पर गर्व है। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉक्टर अमित कुमार पांडे ने कहा की शिक्षा के साथ ही छात्र एवं छात्राओं के मानसिक, शारीरिक विकास के लिए खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी जरूरी होते हैं। उन्हें अपनी बात को रखने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षक आए छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# 27 को प्रदर्शित होगी मैथिली वेब सीरीज 'नून रोटी'



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मैथिली वेब सीरीज नून रोटी 27 अक्टूबर को प्रदर्शित होगी। यह जानकारी बुधवार को वेब सिरीज के निर्देशक विकास झा ने संवाददाताओं के साथ अपनी बातों को साझा करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि यह वेब सिरीज मिथिला प्रान्त में व्याप्त बेरोजगारी और पलायन की समस्या को अलग दृष्टिकोण से रेखांकित करती है साथ ही मिथिला क्षेत्र में पर्यटन और व्यवसायिक आत्मनिर्भरता के लिए क्या विकल्प हो सकते हैं। यह बताने का प्रयास है यह सिरीज। नून रोटी में कुल आठ एपिसोड हैं,जिसमे पहला एपिसोड फ्री में देख सकते हैं और अन्य सात एपिसोड के लिए पेड सब्सक्रिप्शन ले के एक मामूली भुगतान कर देखा जा सकता है। इस सिरीज के मुख्य कलाकारों में दिवाकर झा, आदर्श भरद्वाज, ऋषभ कश्यप और मणि कौशिक संग निखिल मिश्र, प्रज्ञा झा, सत्येन्द्र झा, सोहेल सुलतान हैं।

# सरला बिरला स्कूल में लोकनाद कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के बीके बिरला ऑडिटोरियम में लोकनाद-पीपुल्स वॉयस द्वारा प्रस्तुत संगीतमय प्रस्तुति से उपस्थित विद्यार्थी मंत्रमुग्ध हो गये। लोकनाद के दो कलाकारों, चारुल भारवाडा और विनय महाजन, ने विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर कई गीत प्रस्तुत किये। यह प्रस्तुति अत्यंत मार्मिक व प्रभावशाली थी, जिससे दर्शकों की आंखों में आंसू आ गये। उनके गीत बाल श्रम उन्मूलन, विविधता का उत्सव और अन्य प्रासंगिक सामाजिक मुद्दों पर आधारित थे। जिंदगी के गीत, धरती का नमक, हमलोग, जैसे गीतों ने दर्शकों के दिल को छू लिया।




विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने विद्यालय में आने और अपने प्रेरणादायक गीतों से बच्चों को प्रेरित करने के लिए लोकनाद के कलाकारों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने भी कलाकारों के प्रति आभार व्यक्त किया और छात्रों को उनके गीतों के माध्यम से दिये गये मजबूत संदेशों को समझने और उन पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों को खाना बर्बाद न करने और कृतज्ञता का भाव रखने का सुझाव दिया।

## खबर एक नजर में

### सुखदेवनगर थाना के पुलिसकर्मियों को दिलायी गयी बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ



**रांची।** बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत सुखदेवनगर थाना परिसर में बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी बाल विवाह मुक्त अभियान के तहत सभी पुलिसकर्मियों और समाजसेवियों को शपथ दिलवाया गया। सभी ने शपथ लिया कि वो अपने क्षेत्र को बाल विवाह मुक्त बनाने का कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन सत्यार्थी फाउंडेशन और चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन रांची के सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम में चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन के सचिव बैद्यनाथ कुमार, चंदन कुमार, संगीत कुमारी, अंशू कुमारी, अभिषेक कुमार, दीपक कुमार ठाकुर, अनुज कुमार शर्मा, रेखा कुमारी, अमृत रमन, पवन कुमार, विनीत सोनी, राहुल व्यास,प्रकाश कुमार और सुखदेवनगर थाना के पुलिस कर्मी शामिल हुए।

### एचइसी कर्मियों को प्रमोशन की बधाई : रमा शंकर प्रसाद

**रांची।** एचईसी मजदूर संघ के महामंत्री रमाशंकर प्रसाद ने 347 कर्मचारियों एवं 132 अधिकारियो की पदोन्नति होने पर बधाई एवं शुभकामनायें दी है। साथ ही, सांसद संजय सेठ एवं भाजपा के नेता विनय जायसवाल केअथक प्रयास से प्रमोशन संभव हो पाया है। इस कार्य के लिये संघ आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करती है। संघ के अध्यक्ष जीतू लोहरा ने प्रबंधन से आग्रह किया कि दशहरा जैसे पर्व के अवसर पर कर्मियों की अत्यंत दयनीय हालात को देखते हुये वेतन अविलम्ब भुगतान किया जाये । संघ के सचिव विकास तिवारी ने प्रबंधन से कहा कि सप्लाई कर्मचारियों की समस्या का समाधान अविलम्ब निकाला जाये। ताकि कारखाने के अंदर काम सुचारू रूप से चल सके।

### नीरजा सहाय में नवदुर्गा को नमन

**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी में शारदीय दुर्गा पूजा उपलक्ष्य में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में एलकेजी से दूसरी कक्षा तक के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्या किरण यादव के कर कमलों से दीप प्रज्ज्वलित कर हुई। इसके बाद कक्षा एलकेजी की छात्राओं ने मां दुर्गा के नौ रूपों को प्रस्तुत किया। कक्षा यूकेजी के छात्र -छात्राओं ने की ऐ गिरी नंदिनी स्त्रोत का पाठ कर उपस्थित दर्शकों की प्रशंसा बटोरी। अगले चरण में पहली कक्षा के छात्र-छात्राओं ने डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। दूसरी कक्षा के छात्र- छात्राओं ने अत्यंत भावपूर्ण नृत्य नाटिका रामलीला का मंचन किया।

### लायंस क्लब ने आयोजित की पीस पोस्टर प्रतियोगिता

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ ने वन मल्टीपल वन एक्टिविटी के अंतर्गत डी. पी. एस. स्कूल परिसर एवं लायंस हाल क्लब काम्प्लेक्स में कैराली स्कूल धुर्वा के लगभग 100 छात्र, छात्राओं के बीच बुधवार को पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में बच्चों को एक विषय दिया जाता हैं,उसी विषय पर बच्चे पेंटिंग कर अपने अपने अनुभव, विचार प्रस्तुत करते हैं। पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन इस प्रतियोगिता के चेयरमैन लायन मनीष गाडोदिया के मार्गदर्शन में बहुत ही सुन्दर ढंग से किया गया।

### साहित्य कला अकादमी ने आयोजित किया नवदुर्गा उत्सव

**रांची।** साहित्य कला अकादमी के तत्वावधान में नवदुर्गा उत्सव बुधवार को सिटी पैलेस में मनाया गया। इस मौके पर गार्गी सोम के नेतृत्व में नवदुर्गा का रूप बच्चों ने प्रस्तुत किया साथ ही महिषासुर मर्दिनी को संगीत, नृत्य और गीत के साथ प्रस्तुत किया। नत्य संगीत की प्रस्तुत तृषा, आराध्या, लासिया, द्युति, अनन्या, प्रियदर्शी, दिशा, देशना, अनुपमा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगदीश सिंह, विजय राजगढ़िया, अध्यक्ष डॉ पम्पा विश्वास, सचिव सुमन सिंह, निर्मला राजगढ़िया ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश का विशेष तिलक श्रृंगार

**रांची।** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में बुधवार को खाटू नरेश का तिलक श्रृंगार किया गया। खाटू धाम की परंपरा के अनुसार राजस्थान स्थित खाटू श्याम मंदिर में भी तिलक श्रृंगार किया गया। श्री श्याम मंदिर में भी आज खाटू नरेश का केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। मंदिर के प्रथम आचार्य रत्नाकर शर्मा एवं मंदिर के आचार्य ने मिलकर बाबा का भव्य तिलक श्रृंगार किया। कोलकाता से मंगाए गए रजनीगंधा गुलाब तुलसी मॉर्गन की मोटी मोटी फूल मालाओं से बाबा को सजाया गया। तिलक श्रृंगार करके विशेष गुलाब रूह से मसाज करके भक्तों के लिए संध्याकालीन 4:30 बजे दर्शन के लिए पट खोले गए। बाबा श्याम को नवीन बागा पहनाया गया एवम पंचमेवा का भोग चढ़ाया गया।

### प्रभु की कृपा के बिना मनुष्य सुखी नहीं हो सकता

**रांची।** जीवन में बिना कारण के कोई कार्य नहीं होता है। जीवन में यदि गरीबी है तो उसका कारण है। यदि अमीरी है तो भी उसका कोई कारण होता है। सुख और दुख का भी कोई कारण होता है। जीवन के अंत में मनुष्य को संयम के मार्ग पर चलना चाहिए। जीवन में सुख-दुख धूप-छांव की तरह आते जाते हैं ,इसी का नाम संसार है।16 से 23 अक्टूबर तक चलने वाले विधान के दौरान हर दिन अनेक धार्मिक आयोजन और प्रवचन चल रहे हैं। जीवन के सभी दिन एक से नहीं होते हैं। जिस तरह दिन के बाद रात आती है इसी तरह सुख-दुख आते जाते हैं। जीवन में प्रभु की कृपा के बिना व्यक्ति सुखी नहीं रह सकता। इसलिए प्रभु वंदना जरूरी है। जीवन में सुख-शांति और आत्म कल्याण के लिए प्रभु की अर्चना करना चाहिए। ये विचार सिद्धचक्र विधान के तीसरे दिन गणिनी आर्यिका विभाश्री माता ने प्रवचन के दौरान उपस्थित श्रावकों से कही।

# कृष्णायण ग्रंथ वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकॉर्ड में हुआ शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राधा और कृष्ण के सम्पूर्ण जीवन पर आधारित साझा महाकाव्य ग्रंथ कृष्णायण को वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकार्ड में शामिल किया गया है। राधाकृष्ण के अवतार को देश-विदेश के करीब 200 रचनाकारों से प्रसंग आधारित शोधपरक काव्य सृजन और सम्पादन के लिए यह सम्मान कृष्णायण के मुख्य संपादक और साहित्योदय के संस्थापक अध्यक्ष पंकज प्रियम को दिया गया है। प्रियम ने इस सम्मान को अपने माता-पिता, परिजन सहित पूरे साहित्योदय परिवार को समर्पित किया है। उन्होंने बताया कि राधा और कृष्ण की




सम्पूर्ण कहानी को काव्यरूप में एक जगह संकलित करना बहुत कठिन कार्य था। अलग-अलग ग्रंथ और पुराणों में चीजें बिखरी हुई सी लगती है। कहीं कुछ तो कहीं कुछ छूटा हुआ सा प्रतीत होता है। ऐसे में देश विदेश के रचनाकारों को प्रसंग आवंटित कर लिखवाना, संकलन और सम्पादन आसान नहीं था लेकिन वर्षों की कठिन तपस्या और सभी के सहयोग से यह सम्भव हो पाया है। उम्मीद है कि जन रामायण की भांति कृष्णायण भी घर-घर में लोकप्रिय होगा। राधाकृष्ण की पावन प्रेमकथा को 18 भाग में बांटकर 178 प्रसंगों में करीब एक हजार पृष्ठों के कृष्णायण को दो खण्डों में प्रकाशित किया जा रहा है। कृष्णायण में दुनियाभर के लब्धप्रतिष्ठत कवियों ने अपनी शैली में काव्य सृजन किया है। जिसका विमोचन आगामी 1 दिसम्बर 2023 को वृंदावन में आहूत बांकेबिहारी अंतरराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव में किया जायेगा। गौरतलब है कि पंकज प्रियम पिछले 2 दशक से लेखन कार्य में सक्रिय हैं। अबतक दो दर्जन से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

# एमवे न्यूट्रीलाइट डेली प्लस लांच

**रांची।** एमवे इंडिया ने एक नए मल्टी विटामिन और मल्टी मिनरल हेल्थ सप्लीमेंट प्लसलाइफ के तहत न्यूट्रीलाइट डेली प्लस को लॉन्च किया। यह क्रांतिकारी फॉर्मूलेशन 24 आवश्यक विटामिन्स और मिनरल्स से भरपूर है तथा प्लांट कंसंट्रेट्स की मात्रा इसमें दुगनी है। न्यूट्रीलाइट डेली प्लस एमवे पोर्टफोलियो का पहला उत्पाद है, जिसमें डुअल लेयर डुअल रिलीज फॉर्मूलेशन का नया आविष्कार समाहित है। न्यूट्रीलाइट डेली प्लस में गोटूकोला नामक एक प्रमुख घटक भी शामिल है, जो तनाव को कम करने वाले अपने विशिष्ट गुणों के लिए जाना जाता है।

# मुंडारी भाषा की दो पाठ्य पुस्तकों का हुआ लोकार्पण



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुंडारी भाषा टेक्स्ट बुक समिति और जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग गोस्सनर कॉलेज के संयुक्त तत्वधान में कॉलेज के ओडिटोरियम में पुस्तक लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुंडारी की दो पाठय पुस्तकों आठवीं कक्षा की नवा सेंड़ा होरा और नवीं कक्षा की अंओः इपिल का लोकार्पण किया गया।

मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्याल के पूर्व कुलपति डॉ. सत्यनारायण मुण्डा ने कहा कि दो पाठय पुस्तकों का आना मुण्डारी भाषा और साहित्य के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि मुण्डारी बहुत ही समृद्ध भाषा है। इस भाषा को अनुवाद के माध्यम से विश्व पटल पर पहुँचाया जा सकता है। मुण्डा समुदाय के देशज ज्ञान को भी अन्य भाषाओं में अनुवाद करने की जरूरत है। उन्होंने लेखकों से अधिक से अधिक साहित्य लिखने का आग्रह किया। विशिष्ट अतिथि मुण्डा के संरक्षक नवीन मुण्डू ने कहा कि भाषा को साहित्य के माध्यम से ही बचाया जा सकता है। टीआरआई के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर सोमा सिंह मुण्डा और सामाजिक कार्यकर्ता मेघनाथ सिंह मुण्डा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। डॉ. तनुजा मुण्डा ने नवीं कक्षा की और नौरी पूर्ति ने आठवीं कक्षा की पुस्तक पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुण्डारी भाषा टेक्स्ट बुक समिति के सचिव डॉ. मनसिद्ध बड़ायुऊद, मुण्डा के महासचीव विल्कन डांग, सुरसेन सूरीन, प्रभु सहाय सांगा, डॉ. ज्योति टोप्पो, डॉ. मीना तिर्की, डॉ. योताम कुल्लू, डॉ. किशोर सूरीन, डॉ. जुरन सिंह मानकी, डॉ. शांति नाग, डॉ. सिलमनी बडायऊद, डॉ. जयमुनि बड़ायऊइ, डॉ. प्रशांत गौरव, प्रो. फ्रांसिस मुर्मू सहित मुण्डा भाषा प्रेमी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कोरनेलियुस मिंज और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. मीना सूरीन ने किया।

# डीएसपीएमयू कैंपस में जल्द लगेगा रोजगार मेला : डॉ शांडिल्य

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बीते दिन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में वेब प्लस सोल्यूशन प्रा. लिमिटेड की ओर से विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों के लिए कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया था। इस चयन प्रक्रिया के उपरांत विश्वविद्यालय के 9 विद्यार्थियों का चयन कंटेंट राइटर एंड एडिटर और टेलीसीरीज एक्जीक्यूटिव के पद पर किया गया। चयनित विद्यार्थियों में सोनी कुमारी, अंशु कुमार राज, सुभाष चंद्र बानरा, सृष्टि कंवर,




सुरभि राज, तुषार केशरी, रिया कुमारी, निधि कुमारी और अदिति रानी शामिल है।

मौके पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि इन नए विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाओं के साथ विश्वविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों से कहा कि आनेवाले दिनों में जल्द ही विश्वविद्यालय बड़े स्तर पर यहां के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए कैंपस में रोजगार मेला का आयोजन करेगा, ताकि उन्हें रोजगार प्राप्त हो सके। कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने इन चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आशा है आप जहां भी जायेंगे, अपने कार्य के साथ विश्वविद्यालय का नाम भी रोशन करेंगे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# वीमेंस एशियन हॉकी के सफल आयोजन की तैयारियों में जुटा रांची प्रशासन

## उपायुक्त ने कोर टीम के नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक में तैयारियों की समीक्षा की, आवश्यक दिशा-निर्देश दिये

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बुधवार को को वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्राफी - 2023 के सफल आयोजन को लेकर बैठक की गयी। समाहरणालय स्थित डीसी सभागार में आयोजित बैठक में डीडीसी रांची दिनेश कुमार यादव, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था), रांची राजेश्वरनाथ आलोक एवं प्रतियोगिता के सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जिला स्तर पर गठित कोर टीम के नोडल पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

बैठक में कोर टीम के नोडल पदाधिकारियों के साथ उनके कार्य एवं दायित्व के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए उपायुक्त (डीसी) ने अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही, उचित व आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने ट्रांसपोर्ट, लॉजिस्टिक, आईटी, सिक्यूरिटी/ लॉ एंड ऑर्डर मेनटेनेंस, ट्रैफिक सिक्यूरिटी, मेडिकल टीम, मीडिया एंड पीआर टीम, प्रोटोकॉल, एयरपोर्ट, होटल टीम, फायर सेफ्टी, साउंड एंड इलेक्ट्रिसिटी, ड्रिंकिंग वाटर एंड सैनिटेशन टीम, फूड एंड स्नैक्स अरेंजमेंट टीम के नोडल पदाधिकारियों को हॉकी इंडिया के पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्य संपादित करने को कहा।

### चैंपियंस ट्राफी



उपयुक्त ने कहा कि इस मामले में हम सब सौभाग्यशाली हैं कि लगातार इंटरनेशनल इवेंट का आयोजन करने का मौका मिल रहा है। 27 अक्टूबर से 05 नवंबर 2023 तक वीमेंस एशियन हॉकी चौंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 6 देश की टीम आ रही है। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट की तैयारी काफी दिनों से चल रही है। मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देश के आलोक में जिला स्तर पर उप समितियां बनाई गई हैं। अलग-अलग समितियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं। उन्होंने कोर टीम के नोडल पदाधिकारियों को स्टेडियम का दौरा करने का निर्देश दिया। आयोजन स्थल पर की जाने वाली तैयारी के बारे में विस्तार से बताया।

### 25 अक्टूबर तक सड़कों से हटेंगे पंडाल

**बैठक** के दौरान क्राउड कंट्रोल, पार्किंग की व्यवस्था, आनेवाले लोगों की सुरक्षा, उनकी सिक्योरिटी जांच, होटल एकोमोडेशन, लॉजिस्टिक अरेंजमेंट आदि से संबंधित सभी व्यवस्था के लिए अधिकारियों को निदेशित किया गया। डीसी ने कहा कि हमें उम्मीद है कि सारी व्यवस्था सही तरीके से संपन्न कर ली जाएगी। उन्होंने पूजा समितियों से 24 और 25 अक्टूबर तक सड़कों से पंडाल निर्माण हटाने का अनुरोध किया है ताकि आवागमन सुचारू रूप से हो सके। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा, स्टेडियम और आसपास के क्षेत्र को सुरक्षित किए जाने, स्टेडियम में आने वाले लोगों की जांच के अलावा पार्किंग, क्राउड मैनेजमेंट आदि को लेकर संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

स्पीड न्यूज

# शारदीय नवरात्र : गांवों में दुर्गोत्सव का उत्साह

## बेड़ो : लाभुकों के बीच उन्नत चूल्हा का वितरण

**बेड़ो।** नेहालु पंचायत के रोगो गांव में बुधवार को जिला भूमि संरक्षण विभाग द्वारा 203 लाभुकों के बीच उन्नत चूल्हा का वितरण किया गया। पंचायत के मुखिया वीरेंद्र भगत और अनु जलक्षाजन समिति के अध्यक्ष सुबल टोप्पो के द्वारा संयुक्त रूप से वितरण किया। अनु जलक्षाजन समिति के अध्यक्ष सुबल टोप्पो ने लाभुकों और ग्रामीणों को उन्नत चुल्हा के इस्तेमाल के बारे में विस्तार से जानकारी दिये।

## सड़क हादसे में घायल की इलाज के दौरान मौत

**अनगड़ा।** गवरबेड़ा निवासी सीताराम महतो (38 वर्ष) की मंगलवार को इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। दो बाइक के आमने-सामने टक्कर में वे घायल हो गये थे। उनके भाई मोतीलाल महतो ने पुलिस को दिए फर्द बयान में बताया कि मृतक सीताराम महतो गत 15 अक्टूबर को बाइक से आलू का बीज खरीदने राहे बाजार गाया था। वहां से वापस घर लौटने के क्रम में पईका लेटा टांड़ के पास एक बाइक से सीधी टक्कर हो गई थी। उनका इलाज रिम्स में चल रहा था।

## इटकी सीओ और थाना प्रभारी ने किया पंडालों का निरीक्षण

**इटकी।** इटकी सीओ विजय कुमार व थाना प्रभारी अमित प्रशांत ने बुधवार को इटकी के पूजा पंडालों व छठ घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान पूजा समिति के सदस्यों से सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली व सुरक्षा की दृष्टिकोण से कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश भी दिये। मौके पर अजीत केसरी, आलोक कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## नये बीडीओ ने किया पदभार ग्रहण

**बुंडू।** प्रखंड सभागार में बुधवार को स्वागत एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। बुंडू प्रखंड के वर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी संध्या मूंडू को शाल ओड़ाकर विदाई दी गयी। वही नव पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी रेणु कुमारी को बुके देकर स्वागत किया गया। नए प्रखंड विकास पदाधिकारी रेणु कुमारी ने कहा सरकार की योजनाएं अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। इस अवसर पर प्रमुख राजकुमार बिंझिया अंचलाधिकारी पवन कुमार सहित प्रखंड के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## तरवां मे वन अधिकार समिति का पुनर्गठन

**पिपरवार।** किचटो पंचायत अंतर्गत राजस्व ग्राम तरवां में आबूवा वीर दिशोम अभियान के तहत वन अधिकार समिति का पुनर्गठन को लेकर बुधवार को ग्राम सभा तरवां शिव मंदिर प्रांगण के पास मिलो देवी के अध्यक्षता में हुई। इस दौरान सर्वसम्मति से अध्यक्ष तपेश्वर कुमार गंझू वा सचिव अनिल कुमार महतो चयन किया गया। साथ ही 15 सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें पांच महिला व 10 पुरुष शामिल है।

## टर्बो ट्रक पलटा, कोई हताहत नहीं


**खलारी।** हेसालोंग बकुलियाटांड़ के पास टर्बो ट्रक जेएच 01 एफडी 3323 अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना लगभग शाम 6.45 की है। मैक्लुस्कीगंज चामा मुख्य पथ के टर्बो ट्रक कप ईंट लदा था।

## महादेव टंगरा, झखराटांड़ और कटहल मोड़ में दशमी को होगा रावण, मेघनाथ और कुंभकरण दहन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** महादेव टंगरा, झखराटांड़ और कटहल मोड़ में 24 अक्टूबर की शाम रावण दहन किया जायेगा। मेघनाथ और कुंभकरण भी जलाये जायेंगे। झखराटांड़ और कटहल मोड़ में भंडारा भी होगा। पुतला बनाने में हुनरमंद कारीगर लगाये गये हैं। उनकी कलाकृति देखते ही बन रही है। क्षेत्र के युवा और महिलाएं अभी से ही उत्साहित हैं। करीब एक लाख से भी अधिक की भीड़ होगी। इसमें जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के चाक.चौबंद इंतजाम किये जायेंगे। पुरुष के अलावा महिला बल की तैनाती की जायेगी। आयोजन समिति के स्वयंसेवक भी मुस्तैद रहेंगे।

## प्रतिमा को अंतिम रूप दे रहे कलाकार



**सोनाहातू/राहे।** कलश स्थापना के साथ ही दुर्गा पूजा की तैयारी अंतिम चरण में है। ग्रामीणों इलाके में अधिकांश पारंपरिक मंदिर में माता की प्रतिमा की स्थापना की जाती है। हालांकि कई जगहों में पूजा समितियों द्वारा भव्य पंडाल बनाने की तैयारी की जा रही है। मूर्तिकार माता दुर्गा के अलावा सरस्वती, लक्ष्मी, गणेश, कार्तिक, शिव-पार्वती, महिषासुर, शेर आदि की प्रतिमा को अंतिम रूप दे रहे हैं। राहे, चंदनडीह, दुलमी, सोनाहातू, पंडाडीह, जामुदाग, बारेंदा, लांधुपडीह आदि गांवों में पूजा को लेकर काफी उत्साह है। प्रखंड के हर गांव में प्रतिमा की स्थापना किया जाता है। पंडित धीरेंद्र मुखर्जी ने कहा कि हमारे क्षेत्र में षष्ठी के दिन बेलवरण और सप्तमी को नवपत्रिका प्रवेश के साथ ही दुर्गा पूजा शुरू होता है, जो विजयादशमी को यात्रा पूजा के साथ संपन्न होता है। इधर गांव में रोशनी के लिये विधायक सुदेश महतो ने विधायक निधि से राहे चौक, चंदनडीह चौक, दुलमी चौक और गोमदा चौक में हाई मास्ट लाइट लगवा रहे हैं। सभी स्थलों में सप्तमी तक लाइट लगाने को कहा गया है।

### 52 गांव के लोग लेंगे हिस्सा

कार्यक्रम के दौरान टंगरा में 32, झखराटांड़ और कटहल मोड़ में 10-10 गांव के श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। मेले जैसा नजारा होगा। यहां मिठाई, केतारी, खेल प्रसाधन, सब्जी व घरेलू चीजों की दुकानें सजेंगी। पेयजल की व्यवस्था रहेगी और चिकित्सा शिविर भी लगाये जायेंगे।

## रातू : पंडालों में आज होगी मूर्ति स्थापित, श्रद्धालुओं में उत्साह

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** प्रखंड के विभिन्न भागों में शारदीय नवरात्र पर अनूठा माहौल है। क्षेत्र में दुर्गोत्सव की धूम मची है। चारों ओर चहल-पहल देखा जा रहा है। भक्ति गीत-संगीत से इलाका गुंजायमान है। हालांकि कोर्ट के आदेश पर डीजे पर सख्त पाबंदी है। कपड़े की दुकानों में ग्राहकों की भीड़ लगी है। लोग खरीदारी में जुटे हैं। बिजुलिया स्थित महादेव, कटहल मोड़, आनंद नगर, दलादिली, पाली, गोविंद नगर, पिर्रा, भवानी नगर, रवि स्टील चौक, सुंडिल, चटकपुर, छाता टोंगरी, तिलता व गायत्री नगर आदि स्थानों में पूजा समितियों की ओर से खूबसूरत पंडाल बनाये गये हैं, जो भक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। पूजनोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। गुरुवार की दोपहर यहां स्थापित की जायेगी। इधर पूजा के मद्देनजर प्रशासन काफी चौकस है। पुलिस गश्त तेज कर दी गयी है। असामाजिक तत्वों पर पैनी निगाह रखी जा रही है।

## जूनियर एथलेटिक्स : बूटी मोड़ के प्रशांत कुमार ने जीता स्वर्ण पदक

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** कोलकाता में चल रहे 34वें पूर्वी क्षेत्र जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रशांत कुमार ने 5000 मीटर रेस वॉकिंग अंडर 16 में पदक जीतकर झारखंड सहित रांची का नाम रोशन किया है। प्रशांत बूटी मोड़ के स्व. वीरेंद्र महतो का पुत्र है। उसकी जीत के बाद से जन जागृति मंच एवं बूटी मोड़ क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। जन जागृति मंच के संयोजक रामेश्वर प्रसाद ने कहा कि प्रशांत कुमार का स्वर्ण पदक उसके स्व. पिता वीरेंद्र महतो के लिए श्रद्धांजलि है। राज्य सरकार को चाहिए कि फुटबॉलर अनिता कुमारी को भी सम्मानित करे एवं अंडर 16 के एथलीट प्रशांत कुमार को प्रोत्साहित करे, ताकि वह राज्य सहित देश का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित हो।

### इन्होंने दी बधाई

प्रशांत कुमार को बधाई देने वालों में ओम प्रकाश महतो, विक्रांत कुमार, बोधनाथ महतो, लिखेश्वर ओहदार, राजकुमार महतो, बबलू महतो, मनोज ओहदार, अर्जुन महतो, कर्मदेव बैठा, देवानंद महतो, नागेंद्र कुमार, श्याम देव महतो, राम ओहदार, राजकुमार महतो, पवन कुमार, मुकेश कुमार महतो विशेष रूप से शामिल हैं।

## ब्राम्बे सीटीआइ तालाब से निकाला गया युवक का शव

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** ब्राम्बे सीटीआई तालाब से बुधवार की सुबह अर्पण कुजूर का शव एनडीआरएफ की टीम द्वारा निकाल लिया गया। ज्ञात हो कि सोमवार की रात अपने दोस्त के साथ तालाब के निकट बैठकर खाने-पीने के बाद अर्पण ने अपने दोस्त सुमित से कहा कि वह थोड़ा सा तालाब में नहा लेते हैं। इस दौरान उसने अपने कपड़े और सारा चीज सुमित के पास रखकर तालाब में नहाने चला गया। जब वह काफी देर तक नहीं लौटा तो सुमित ने अपने घर वालों को सूचना दी। सोमवार की रात में भी ग्रामीणों ने अर्पण को ढूंढने का तालाब में कोशिश किया पर उसका कुछ पता नहीं चला। मंगलवार को पूरे दिन भी ग्रामीणों ने कोशिश की पर वह शव निकालने में असफल रहे। पुलिस द्वारा घटना की जानकारी मिलने पर एनडीआरएफ की टीम मंगलवार की देर शाम तालाब में पहुंचे पर आधे घंटे के सर्च अभियान के बाद उन्होंने अंधेरा का हवाला देते हुए कहा कि शव खोजने का अभियान बुधवार की सुबह चलाया जाएगा। बुधवार की सुबह लगभग 10.00 बजे एक बार फिर से एनडीआरएफ की टीम तालाब में उतरी और लगभग एक घंटे के मशक्कत के बाद अर्पण के शव को बाहर निकलने में कामयाब रहा।

## स्वर्ण डीपीएस स्कूल के बच्चों ने किया डांडिया क्राफ्ट कार्यक्रम में बनायी मां दुर्गा की प्रतिमा



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** स्वर्ण डीपीएस स्कूल ने दुर्गा पूजा के दौरान डांडिया व क्राफ्ट कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें छात्रों ने दुर्गा मां के हैंगिंग्स बनाई। प्रधानाध्यापक दीपम बनर्जी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों के बीच कौशल विकसित करते हैं और सभी बच्चों को इसमें भाग लेना चाहिए। इस मौके पर बच्चों ने सर्वश्रेष्ठ कला का प्रदर्शन किया। वहीं छात्राओं ने गीतों के साथ नवरात्रि के गानों पर डांडिया नृत्य किया। मौके पर बच्चों के माता के सभी रूपों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में प्रतीक साहू, शिक्षिका श्वेता खन्ना, बिजेता गुप्ता, प्रेमिका लकड़ा, संध्या साहू, सोनम कुमारी, शिवानी कुमारी के साथ सीता कुमारी व ललित ऊरांव शामिल थे।

## सिंगपुर नर्सिंग होम में लगा कैथ लैब मशीन

**सिल्ली।** सिंगपुर नर्सिंग होम में कैथ लैब मशीन का उद्घाटन गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी गोमिया विधायक लंबोदर महतो एवं स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो ने शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया साथी साथ आए हुए अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर मशीन का शुभारंभ किया गया। वही गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस ग्रामीण सुदूर क्षेत्र में नर्सिंग होम के द्वारा लोगों को सारी सुविधाएं मिल रही है लोग रांची इलाज करने के लिए जाते थे वही सुविधा इस नर्सिंग होम के द्वारा दिया जा रहा है सबसे बड़ी बात है कि आयुष्मान कार्ड के द्वारा लोगों को इलाज आसानी से हो पा रहा है। वही गोमिया विधायक ने कहा कि नर्सिंग होम बेहतर सेवा दे रहा है।

cmpdi
A Miniratna Company
सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी ईकाई)
गोन्दवाना प्लेस, काँक रोड राँची - 834031, झारखण्ड, भारत

सूचना

"सामग्री, कार्यो एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनीरत्न कंपनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी)
G20

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं।

## केंद्रीय समिति की बैठक : पूजा पंडालों में मुस्तैद रहेंगे छात्र युवा शक्ति के कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** रांची प्रेस क्लब सभागार में छात्र युवा शक्ति केंद्रीय समिति की बैठक कुमार रोशन की अध्यक्षता में हुयी। इसमें संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय एरमेश सिंह एविजय साहूए महेश महतोए दिलीप साहूए मदन साहू को मुख्य तथा आलोक तिवारीए अमृत सिंहए ऋषिकेश सिंहए महेश कुमार मनीषए पप्पू गुप्ता संरक्षक बनाये गये। वहींए नितेश यादव दूसरी बार रांची महानगर और रोहित सिन्हा को रांची का जिला अध्यक्ष बनाया गया। केंद्रीय अध्यक्ष कुमार रौशन ने इसकी औपचारिक घोषणा करते हुये कहा कि दुर्गोत्सव में समिति की भागीदारी रहेगी। कार्यकर्त्ता जिला प्रशासन के साथ मिलकर पूजा पंडालों में मुस्तैद रहेंगे। इसके उपरांतए प्रस्ताव पारित कर ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले श्रद्धा लुओं की सेवा के लिये बिहार क्लब मे कंट्रोल रूम बनाने तथा शहर को पांच जोन में बांटकर पंडालों में कार्यकताओं को तैनात किये जाने का निर्णय लिया गया।

### जानें समिति में कौन क्या बने

राजकिशोर साहू केंद्रीय कोषाध्यक्ष, अमरजीत सिंह केंद्रीय प्रवक्ता, बिरु सिंह केंद्रीय महासचिव तथा कैलाश महतो और प्रणय श्रीवास्तव को महानगर उपाध्यक्ष बनाया गया। पदधारियों को चुनरी भेंट की गयी। मौके पर अमृत सिंह, दिलीप लुगुन, अमित सिन्हा, हिमांशु मिश्रा, करण मल्होत्रा, मुकेश सोनी, कैलाश अभिषेक दयाल महतो व राजदीप आदि मौजूद थे।

## राहे में दोपहिया वाहन चेकिंग अभियान

**राहे।** राहे ओपी के समीप सिल्ली- राहे- बुंडू सड़क पर बुधवार को राहे पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। ओपी प्रभारी रामरेखा पासवान के नेतृत्व में पुलिस ने दोपहिया वाहनों की चेकिंग की। प्रभारी ने बताया कि सड़क दुर्घटना एवं अपराध नियंत्रण को लेकर चेकिंग अभियान चलाया गया। खास कर सड़क दुर्घटना को लेकर दो पहिया वाहन चालकों के हेल्मेट जांच किए गए।

## समय पर पूर्ण करें आवास, नहीं तो होगी कार्रवाई : सुमंत

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के डोरंडा पंचायत के गांवों में बुधवार को बीडीओ सुमंत तिर्की ने विभिन्न गांव में चल रहे कई योजनाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में कई योजनाओं में नाराजगी जताते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस कर्म में उन्होंने मनरेगा के तहत कुदुस खान का बिरसा हरित आम बागवानी का निरीक्षण किया। उन्होंने सूचना पट नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए सूचना पट लगाने की बात कही।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
(जिला निर्वाचन शाखा)

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मतदाता सूची के विशेश संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत 19-कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत 77 नये मतदान केन्द्र की स्थापना की स्वीकृति भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के पत्रांक 64/पूर्व. अनु-1/झार/2023 दिनांक 10.10.2023 द्वारा प्रदान की गई है। सहमति के उपरांत मतदान केन्द्रों कि सूची के प्रकाशन का नोटिस अनुलग्नक IV में प्रकाशित किया गया है। मतदान केन्द्रों की सूची का अवलोकन अंचल -सह- प्रखण्ड कार्यालय/अनुमण्डल कार्यालय/जिला निर्वाचन कार्यालय, कोडरमा/नगर परिशद झुमरी तिलैया/नगर पचांयत कोडरमा/नगर पंचायत डोमचाँच कार्यालय में किया जा सकता है। साथ ही कोडरमा वेबसाईट (www.koderma.nic.in) पर भी देखा जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
-सह-उपायुक्त, कोडरमा

PR 309435 (Election)23-24*D

## खलारी : स्वयंसेवकों का पथ संचलन

**खलारी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खलारी खंड द्वारा विजया दशमी के पावन उत्सव पर मैक्लुस्कीगंज में पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पथ संचलन सरस्वती शिशु मंदिर मैक्लुस्कीगंज से शुरू होकर धुर्वा मोड़, मैक्लुस्कीगंज थाना होते हुए स्टेशन रोड होकर चामा बालूमाथ मुख्य पथ से हेसालौंग शिव मंदिर परिसर में समाप्त हुआ। मंदिर परिसर में उपस्थित स्वयंसेवकों को राष्ट्र संवर्धन समिति के प्रकल्प प्रमुख पशुपति नाथ द्वारा बौद्धिक प्राप्त हुआ। यह परंपरा पौराणिक काल से अभी तक चला आ रहा है।

## भाजपा की संकल्प यात्रा को लेकर इटकी में बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटकी।** बाबूलाल मरांडी की रांची में आयोजित संकल्प यात्रा के समापन कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर भाजपा इटकी मंडल की एक बैठक मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की की अध्यक्षता में पूर्वी पंचायत सचिवालय में बुधवार को हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर शामिल हुईं। मौके पर उन्होंने कहा कि अब तक राज्य के 71 विधानसभा क्षेत्र में बाबूलाल मरांडी का संकल्प यात्रा सफलतापूर्वक हो चुकी है। रांची में इसका समापन 28 अक्तूबर को होनी है। समापन समारोह की सफलता व ऐतिहासिक बनाने को लेकर हजारों की तादाद में समापन समारोह में कार्यकर्ताओं के शामिल होने का आह्वान किया गया। बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को इसकी जानकारी देने की बातें कही। इसके अलावा कई दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में श्रीमती कुजर ने कहा कि इटकी, बेड़ो, लापुंग कृषि प्रधान क्षेत्र है। यहां के किसान व अन्य लोगों को अपने कृषि उत्पाद लेकर नगड़ी, रांची आना जाना पड़ता है। एनएच 23 रांची गुमला मार्ग पर इटकी-नगड़ी सीमा के निकट बनी टोल प्लाजा में स्थानीय किसानों व आमजनों के आवागमन टोल फ्री करने की मांग की है। मौके पर एसटी मोर्चा के भोगेन सोरेन, राजेश्वर महतो, हर्षवर्धन पांडे, संजय महतो, बुदु मुंडा, कुणाल शाहदेव व राजीव मौजूद थे।

# शोषण और भ्रष्टाचार पर होगी त्वरित कार्रवाई

## वंचित-शोषितों को न्याय दिलायेगा इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** जिला स्तरीय इंटरनेशनल ह्युमन राइट्स कार्यालय का उद्घाटन बुधवार को ओरमांझी में हुआ। कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि पर्व सांसद रामटहल चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन सिस्टम के बाद से भूमि-विवाद व समस्या बढ़ी है। अपनी भूमि का ऑनलाइन चढ़ाने व सुधारने में लोगों को कार्यालय का चक्कर काटते-काटते पसीने छुट रहे हैं। भ्रष्टाचार नशामुक्ति व शोषण जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संगठित होकर लड़ाई जरूरी है। इसमें सफल होने के लिए सरकार का सहयोग भी जरूरी होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व डीसी छवि रंजन व पूजा सिंघल जैसे अधिकारी सरकारी भ्रष्टाचार का उदाहरण बन गए हैं। उन्होंने कहा कि पैसा लेकर वोट देने वालों को सरकारी कार्यालय में घुस देना ही पड़ेगा। इसलिए इमानदार प्रत्यासी को बिना पैसे लिए वोट दें, तभी भ्रष्टाचार से मुक्ति मिलेगी। प्रमुख अनुपमा देवी ने जिला कार्यालय ओरमांझी में खोलने के लिए अभार जताया और उम्मीद जताते हुए कहा कि शोषित व वंचितों का न्याय दिलाने को कार्यालय एक माध्य बन सकती है। प्रदेश अध्यक्ष मुनरिक साव ने कार्यालय संचालन व कार्यकर्ताओं का कर्तव्यबोध कराया और कहा कि मानव अधिकार से वंचित व शोषितों के लिए कार्य करेंगे। गरीबों को निशुल्क वकील भी मुहैया कराई जाएगी। कहा कि जल्द ही कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण के लिए उड़ीसा ले जाएगा। संचालन जिला उपसचिव हाफिज अंसारी व धन्यवाद ज्ञापन जिला महासचिव रघु बेदिया ने दिया। मौके पर डॉ पारसनाथ महतो, सत्यनारायण तिवारी, शैलेंद्र मिश्रा, बंशीलाल महतो, अशोक गंझु, गोविंद महतो, मोहन कुमार, शिव नारायण महतो, करमी देवी, झल्लू महतो, प्रेमनाथ मुंडा, प्रेमलाल बेदिया आदि उपस्थित थे।



कार्यालय का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि व अन्य।

कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, हजारीबाग
(जिला निर्वाचन शाखा)

-: मतदान केन्द्र के स्थल परिवर्तन की आम सूचना :-

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक-64/पूर्व0 अनु0-1/झार/2023, दिनांक 10.10.2023 द्वारा दी गई सहमति तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक-02/नि0म0के0पु0-18-01/2023/5025, राँची दिनांक 10.10.2023 के द्वारा दी गई संसूचना के आलोक में सूचित किया जाता है कि हजारीबाग जिला अंतर्गत 20-बरकट्ठा, 21-बरही, 24-माण्डू एवं 25-हजारीबाग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निम्नलिखित मतदान केन्द्रों के स्थल परिवर्तन हुए हैं :-

| क्र0 सं0 | विधान सभा क्षेत्र संख्या एवं नाम | पूर्व में अनुमोदित मतदान केन्द्र का संख्या एवं नाम | नव अनुमोदित/परिवर्तित मतदान केन्द्र का संख्या एवं नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 20-बरकट्ठा | 75-नवसृजित प्रा0 वि0 सरमाटांड | 75-नवसृजित प्रा0 वि0 सरमाटांड |
| 2 | 20-बरकट्ठा | 41-उ0 म0 वि0 करियावां | 41-पंचायत सचिवालय, करियावां |
| 3 | 20-बरकट्ठा | 287-सामुदायिक भवन, मस्केडीह | 287-राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मस्केडीह |
| 4 | 20-बरकट्ठा | 311-पुराना पंचायत भवन, चौबे | 311-उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, महतोडीह, चौबे |
| 5 | 21-बरही | 223-उ0प्रा0वि0,पथलगड्डा | 221-आंगनवाडी केन्द्र पथलगडा |
| 6 | 21-बरही | 224-किसान भवन पथलगडा | 222-उ0प्रा0वि0, पथलगड्डा |
| 7 | 21-बरही | 304-पुराना पंचायत भवन, रसोईया धमना, उ0भाग | 302-मध्य विद्यालय बेन्दगी, पूर्वी भाग |
| 8 | 21-बरही | 305-पुराना पंचायत भवन, रसोईया धमना, द0भाग | 303-मदरसा अजिजया जियाउल उलूम रसोईया धमना |
| 9 | 21-बरही | 306-आँगनबाडी केन्द्र लसकरी | 304-उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, लसकरी |
| 10 | 21-बरही | 323-उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बरहीडीह पूर्वी भाग | 321- +2 उच्च विद्यालय बरही कमरा संख्या-01 |
| 11 | 21-बरही | 330-तहफुजे मदरसा इस्लाम भवन, कोनरा, पूर्वी भाग | 328-परियोजना कन्या उच्च विद्यालय, बरही कमरा संख्या-01 |
| 12 | 21-बरही | 331-तहफुजे मदरसा इस्लाम भवन, कोनरा, पश्चिमी भाग | 329-परियोजना कन्या उच्च विद्यालय, बरही कमरा संख्या-02 |
| 13 | 21-बरही | 401-आँगनबाड़ी केन्द्र अलगडीहा | 399-नव प्राथमिक विद्यालय, अलगडीहा |
| 14 | 24-माण्डू | 71-म0वि0 बलसगरा प0 भाग दुसरा भवन | 71-राजकीयकृत म0वि0 बलसगरा भवन संख्या 02 |
| 15 | 24-माण्डू | 111-उर्दू नव प्रा0 वि0 गिद्दी सी | 111-नव प्रा0वि0 डोकाबेडा |
| 16 | 24-माण्डू | 113-सी0 सी0 एल0 क्लब, गिद्दी सी | 113-राजकीयकृत म0वि0 गिद्दी 'सी' भवन संख्या 02 |
| 17 | 24-माण्डू | 144-डॉ राम मनोहर लोहिया उच्च विद्यालय, पूर्वी भाग (1) | 142-श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल, अमरनगर, घाटो, कमरा सं0-01 |
| 18 | 24-माण्डू | 145-डॉ राम मनोहर लोहिया उच्च विद्यालय, पूर्वी भाग (2) | 143-श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल, अमरनगर, घाटो, कमरा सं0-02 |
| 19 | 24-माण्डू | 146-डॉ राम मनोहर लोहिया उच्च विद्यालय, पश्चिमी भाग | 144-श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल, अमरनगर, घाटो, कमरा सं0-03 |
| 20 | 24-माण्डू | 147-डॉ राम मनोहर लोहिया उच्च विद्यालय, दक्षिणी भाग | 145-श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल, अमरनगर, घाटो, कमरा सं0-04 |
| 21 | 24-माण्डू | 184-डी0ए0वी0 स्कूल, झारखण्ड 15 नं0, केदला, उ0 भाग | 181-नव प्राथमिक विद्यालय गायत्रीनगर, झारखण्ड 15 नं0, |
| 22 | 24-माण्डू | 185-डी0ए0वी0 स्कूल, झारखण्ड 15 नं0, केदला, द0 भाग | 182-विवाह भवन, सी0सी0एल0, झारखण्ड 15 नं0 |
| 23 | 24-माण्डू | 243-वन विभाग कार्यालय भवन कुजू, प0 भाग | 237-वन विभाग कार्यालय नया भवन कुजू, प0 भाग |
| 24 | 24-माण्डू | 244-वन विभाग कार्यालय भवन कुजू, उ0 भाग | 238-वन विभाग कार्यालय नया भवन कुजू, उ0 भाग |
| 25 | 25-हजारीबाग | 244-प्राथमिक विद्यालय कालीबाड़ी, पूर्वी भाग | 244-आनन्दा उच्च विद्यालय, हजारीबाग |
| 26 | 25-हजारीबाग | 396-प्रा0वि0 केशुरा | 396-मोडल आँगनबाडी नर्सरी स्कूल केन्द्र केशुरा-II |
| 27 | 25-हजारीबाग | 381-प्रा0वि0 बेहरी उ0भाग | 381-पंचायत भवन बहेरी हॉल |
| 28 | 25-हजारीबाग | 383-प्रा0 वि0 बहेरी पुराना भवन | 383-पंचायत भवन बहेरी कमरा नं0-1 |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
-सह-उपायुक्त, हजारीबाग।

PR 309506 (Election) 23-24 (D)

